समाचार

निःशुल्क स्वास्थ शिविर का उद्‌घाटन किया महापौर ने

कोरबा 13 अक्टूबर 2015 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज न्यू कोरबा हास्पिटल में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ शिविर का फीता काटकर उद्‌घाटन किया। उन्होने स्वास्थ शिविर का भ्रमण करने के साथ ही चिकित्सकों के साथ न्यू कोरबा हास्पीटल का भ्रमण कर अस्तपाल में उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली।

'' सह अस्तित्व '' मानव सेवा संस्थान द्वारा न्यू कोरबा हास्पीटल मंगलम विहार कोसाबाड़ी कोरबा में 13 अक्टूबर को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त शिविर का फीता काटकर विधिवत उद्‌घाटन किया। उक्त एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ शिविर में आमजन को निःशुल्क परामर्श एवं निःशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में अस्थिरोग, नेत्र रोग, चर्मरोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, हृदय रोग, किडनी रोग, मूत्र रोग, स्पाईन सर्जन, जनरल सर्जन, न्यूरोलाजिस्ट, लेप्रोस्कोपिक सर्जन, दन्त चिकित्सा, ई.एन.टी चिकित्सा, आदि के विशेषज्ञों द्वारा अपनी निःशुल्क सेवाएं दी गई। महापौर श्रीमती रेणु अगव्राल ने निःशुल्क स्वास्थ शिविर का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन का लाभ आम लोगों को मिलता है तथा उन्हें निःशुल्क चिकित्सकीय सेवाएं एवं दवाईयां प्राप्त होती है। यह एक जनसेवा का कार्य है, इसके लिए निश्चित रूप से आयोजकगण धन्यवाद के पात्र है, मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं तथा विश्वास करती हूं कि उनका यह सेवा कार्य सदैव जारी रहेगा। इस मौके पर आयोजकों ने महापौर श्रीमती अग्रवाल को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पार्षद डॉ. मनहरण राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेना, समाजसेविका मंगल बुधिया, डॉ.चंदानी, डॉ. वाधवानी, सहित चिकित्सकगण एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)